# जी.एस.टी. जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। केन्द्रीय माल और सेवा कर तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, संभाग कार्यालय पाली द्वारा बुधवार को ट्रेड एसोसिएशन भवन, मंडिया रोड, प्रात जीएसटी आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापारियों एवं अन्य संबंधित हितधारकों के साथ एक व्यापक जीएसटी जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त हनवंत सिंह पूनिया, केन्द्रीय माल और सेवा कर तथा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, संभाग कार्यालय पाली ने की।

सहायक आयुक्त पूनिया ने कार्यक्रम में कहा कि जीएसटी के प्रभावी क्रियान्वयन, करदाताओं की सुविधा तथा विभाग और व्यापार समुदाय के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लाभ, पंजीकृत करदाताओं के दायित्व तथा लघु उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण के संबंध में विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की। साथ ही ट्रेड प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों और शंकाओं का समाधान करना, सुधार संबंधी सुझावों का आदान-प्रदान करना तथा विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन महेंद्र दवे, उपाध्यक्ष आईसीएआई पाली शाखा कौस्तुभ देवड़ा, संयुक्त सचिव पाली टैक्स बार एसोसिएशन अमित जैन, राजेंद्र पी. मेहता तथा सुरेंद्र परख सहित विभिन्न ट्रेड संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं ट्रेड संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा जीएसटी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ पाली शहर के मुख्य मार्गों और प्रमुख स्थानों से होकर गुजरते हुए बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से व्यापारियों तथा आमजन को जीएसटी 2.0 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी प्रदान की।

संवाद सत्र के दौरान व्यापारियों और पेशेवरों द्वारा उठाई गई विभिन्न जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान विभाग की ओर से अधीक्षक जितेंद्र अवस्थी, गोपाल लाल मीणा एवं पियूष कुमार द्वारा विस्तारपूर्वक किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य हितधारक उपस्थित रहे, जिससे यह संवाद कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं सफल रहा। अंत में विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।



**पाली में जीएसटी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## गुप्ता ने ली बैठक

**सिरोही**,(नि.सं.) स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के राज्य ब्रांड एम्बेसडर और डूंगरपूर नगर परिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता ने बुधवार को जिले के सभी नगर निकायों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला परिषद सभागार में बैठक ली।

बैठक में गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छता की हुंकार भरी थी।उन्होंने कहा कि स्वच्छता अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है,हर व्यक्ति -हर वर्ग ने स्वच्छता की ताकत को पहचाना है।उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वच्छता के सम्बन्ध में पूर्ण गंभीरता से कार्य करते हुए प्रदेश को अठिम पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे हैं और इसके सम्बन्ध में नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है बल्कि उसकी उम्र भी बढ ती है।

## बाइक सवार दो युवकों की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र डीजल शेड पर रात को सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उनका साथी घायल हो गया, जिसका एमडीएम अस्पताल में उपचार जारी है।

बासनी पुलिस ने शवों को कार्रवाई कर परिजन के सुपुर्द किया। मृतक व घायल बाइक पर सवार थे और सामने लोडिंग टैक्सी ने टक्कर मार दी थी। पुलिस अब गाड़ी नंबर से चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# जालोर टैलेंट शो के पोस्टर का विमोचन किया



**जालोर एकलव्य फाउंडेशन की ओर से आयोजित टैलेंट शो के पोस्टर का विमोचन जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)।एकलव्य फाउण्डेशन जालोर के तत्वावधान में आयोजित होने वाले जालोर टैलेंट शो 2026 के पोस्टर का विमोचन बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के गवांडे ने किया।

फाउंडेशन के सचिव भरत कुमार जीनगर ने बताया कि एकलव्य फाउंडेशन की ओर से 4 अप्रैल को होटल विजय पैराडाइज में जालोर टैलेंट शो का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जालोर जिले की विभिन्न क्षेत्र प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। इस टैलेंट शो में डांसिंग, सिंगिंग, म्यूजिक, एक्टिंग, पेंटिंग, मॉडलिंग और योगा सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल है । इस टैलेंट शो के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोक नृत्य, लोक गीत, लोक संगीत के साथ आधुनिक गीत, संगीत को बढावा देना है। टैलेंट शो में भाग लेने के लिए 30 मार्च तक मोबाइल के माध्यम से प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। टेलेन्ट शो के टॉप 20 विजेताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा नकद पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जालोर टैलेंट शो को लेकर पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर डा.प्रदीप के. गावंडे किया। वहीं जिला कलेक्टर ने एकलव्य फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से जालोर की प्रतिभाओ को आगे आने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर एकलव्य फाउंडेशन के प्रभारी महेंद्र कुमार सुंदेशा , टैलेंट शो प्रभारी पवन कुमार ओझा,मुख्य सलाहकार सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, रविंद्र सिंह मंडलावत आदि मौजूद थे।

# बाल गृहों का निरीक्षण किया



**अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ( जिला एवं सेशन न्यायाधीश ), राजेन्द्र कुमार एवं सचिव ( अपर जिला न्यायाधीश ) विक्रम सिंह भाटी ने बाल गृहों का निरीक्षण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), राजेन्द्र कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा बाल गृहों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा बाल गृह के भवन की सफाई व्यवस्था, बालकों के लिये कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह तथा भवन की स्थिति आदि के बारे में जायजा लिया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा निरीक्षण के दौराण सम्प्रेषण गृह में उपस्थित बालकों से वार्तालाप की गई तथा उनकों गृह में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, खेल, पढ़ाई इत्यादि के बारे में जानकारी ली। दौराने निरीक्षण बाल कल्याण समिति एवं गृह स्टाफ को निर्देश दिए गए कि बालकों के गृह में प्रवेशित करवाए जाने के समय उनके परिवारजनों एवं रिश्तेदारों शीघ्र ही सूचित किया जाए एवं सम्प्रेषण गृह में आवासित बालकों को बाल न्याय मित्र की सेवाएं तत्काल उपलब्ध करवाई जाए। वर्तमान में बालकों के खेलने के लिए इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुडो इत्यादि उपलब्ध है। बाल गृह में चिकित्सक द्वारा नियमित विजिट कर बालकों के स्वास्थ्य जांच की जाती है।

दौराने निरीक्षण सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग डॉ. टीना अरोड़ा, समन्वयक कन्हैयालाल आदि उपस्थित रहे।

## ओमप्रकाश बिश्नोई मीडिया प्रभारी बने

**जालोर** , (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बुधवार को संभाग मीडिया प्रभारी एवम् जिला मीडिया प्रभारी की नियुक्ति का। ओमप्रकाश विश्नोई को भाजपा जालोर जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवणसिंह बागडी ने बताया कि भाजपा कि विचारधारा को आम जन तक पहुंचाने एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कि योजना कि जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए आज भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार संभाग एवम् जिला मीडिया प्रभारी कि नियुक्ति की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि भाजपा राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता एवम् मीडिया पैनलिस्ट ओमप्रकाश बिश्नोई को जालोर भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिश्नोई मूलत: जोधपुर जिले के निवासी है। पुर्व में बिश्नोई वसुंधरा सरकार में युवा एवं खेल मंत्रालय के राजस्थान युवा बोर्ड में बतौर निदेशक के दायित्व का निर्वहन कर चुके है। उक्त कार्यकाल में भी बिश्नोई जालोर के प्रभारी रहे है।

बिश्नोई ने जिला मीडिया प्रभारी कि जिम्मेदारी देने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, महामंत्री श्रवणसिंह बागडी, प्रदेश महामंत्री एवम् जोधपुर संभाग प्रभारी भूपेंद्र सैनी, प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा का आभार जताया। बिश्नोई को जालोर भाजपा का मीडिया प्रभारी नियुक्त होने पर जालोर भाजपा के जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुकेशसिंह राजपुरोहित सहित जिल भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जता कर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह राजपुरोहित ने बताया कि बिश्नोई के नेतृत्व में जालोर भाजपा को मजबूती मिलेगी।

# रामनवमी की पूर्व संध्या पर पीले चावल व पत्रिका बांटी


**पाली में हिन्दू महोत्सव समिति, विहिप के कार्यकर्ताओं ने लोगों को शोभायात्रा का निमंत्रण दिया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। हिन्दू महोत्सव समिति व विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर हिन्दू महोत्सव समिति विहिप के कार्यकर्ताओं के द्वारा शोभायात्रा मार्ग में आने वाले समस्त रहवासियों व व्यापारी बंधुओं को शोभायात्रा निमंत्रण दिया।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि शोभायात्रा को लेकर कार्यकर्ता तैयारी में लगे हुए है शोभायात्रा के निमंत्रण हेतु सभी कार्यकर्ता रघुनाथ जी मंदिर से शोभा यात्रा के पूरे मार्ग में ढोल नगाड़े के साथ सभी रहवासियों व व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने हेतु आमंत्रण व पीले चावल दिये।

रामनवमी शोभायात्रा में पाली शहर के संगठन की ओर से 100 से अधिक जाकिया शोभायात्रा में रहेगी साथ ही डीजे,बैंड,घोष,घेर दल,अखाड़े,घोड़े, रथ भी शोभायात्रा में शामिल होंगे ।

रामनवमी शोभायात्रा प्राप्त 10 बजे रघुनाथ जी के मंदिर से प्रारंभ होगी शोभायात्रा निम्न मार्ग से होती हुई निकलेगी- श्री रघुनाथजी के मन्दिर, पानी दरवाजा से प्रारम्भ-चेतना होटल-पल्लीवालों का बास- गणेश चौक-सराफा बाजार-उदयपुरिया बाजार-गांछों का बास-राणा प्रताप चौक-पुरानी सब्जी मंडी-धानमण्डी-पटवा बाजार-उदयपुरिया बाजार-सर्राफा बाजार-फतेहपुरिया बाजार होते हुए पुनः रघुनाथ जी मन्दिर पहुंच कर संपन्न होगी।

शोभा यात्रा के संचालन हेतु 100 कार्यकर्ताओं की टीम रामनवमी शोभायात्रा का संचालन करेगी।

रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी में सीताराम जोशी,सोहन सिंह,भंवरलाल गुगुरिया, कमल किशोर गोयल, परमेश्वर जोशी, किशन प्रजापत, प्रांत उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी, रँगलाल जाट, नरेंद्र माछर,हेमन्त जोशी, गोरधन जोशी, विनीता तनवानी, सन्तोष वैष्णव, रेखा सोलंकी,भीमराज चौधरी, अनिल चौहान, हरीश पांडे, रामसुख पायक, बाबूलाल कुमावत,प्रवीण सीरवी, कुशल शर्मा, भावेश सोनी,प्रविण उपाध्याय, भेरूसिंह राजपुरोहित, आनंद स्वरूप गुप्ता,केलाश कुमावत, प्रविण उपाध्याय, महेश वैष्णव, गणेश कुमावत, श्रवण रावल,अशोक बंजारा, गौरव शर्मा,नीरज सोनी,महेंद्र प्रजापत, श्रवण भीलवारा,प्रवीण सोनी,दुर्गेश चौहान, किशोर सेन,भरत शर्मा,अक्षय राठौड़, प्रमोद गॉड रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी में लगे हुए है।

## बिशनगढ़ में कृषि उपकरण का वितरण किया

**जालोर**, (कासं)। राजीविका ब्लॉक सायला के प्रगति सीएलएफ बिशनगढ के अंतर्गत कलस्टर स्तर पर महिला समूहों एवं किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम बुधवार को हुआ।

कार्यक्रम पूर्व सरपंच एवं जिला प्रवक्ता सुरेश राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य मे आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैक्टर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, सीड ड्रिल एवं डिस्क प्लाऊ जैसे आधुनिक कृषि उपकरणों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवक्ता -भारतीय जनता पार्टी जालोर एवं पूर्व सरपंच सायला सुरेश राजपुरोहित उपस्थित रहे। उनके साथ राजिविका जिला प्रबंधक राकेश कुमार मीणा भी मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा सीएलएफ पदाधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से चाबी वितरित कर उपकरणों का हस्तांतरण किया गया। पूर्व सरपंच राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से किसानों की उत्पादकता बढेगी और समय व श्रम की बचत होगी। उन्होंने राजिविका महिला स्वयं सहायता समूहों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की पहल आजीविका संवर्धन के तहत की जा रही है, जिससे समूहों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके और कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक को बढावा मिले।

कार्यक्रम में सीएलएफ के पदाधिकारी, अध्यक्ष गौरी देवी सचिव मंजू देवी, कलस्टर मैनेजर इंद्रा कुमारी, प्रदीप गर्ग, विक्रम सिंह भायल, द्रव्यमोहन सिंह सहित महिला समूह सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण बडी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पेंशनरों ने काली पट्टी बांधकर जताया रोष

**सायला** , (निसं)। बुधवार को राजस्थान पेंशनर समाज, उपशाखा सायला के स्थानीय पेंशनरों ने वित्त मंत्रालय द्वारा जारी वैधता अधिनियम 2०25 को वापिस लेने तथा आठवें वेतन आयोग में पूर्व में दिये गये लाभ को यथावत रखने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना आ ोश भी व्यक्त किया। इस दौरान खंगाराराम जीनगर, घेवरचंद, रामचंद्र द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण खत्री, बांडाराम, शांतिलाल, हनुवंतसिंह, गटुदेवी, तगाराम, मदनलाल धांधल, पहा?सिंह, पारसमल, फतेहसिंह, छोगाराम, फरसाराम सहित बड़ी संख्या में पेंशनर समाज के सदस्य मौजूद थे।

# टीना डाबी ने निरीक्षण किया

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला कलक्टर टीना डाबी ने बुधवार को बाड़मेर मुख्यालय पर संचालित मैसर्स थार गैस सर्विस एवं मैसर्स नेशनल ऑटो मोबाइल पेट्रोल पम्प का आकस्मिक निरीक्षण कर गैस सिलेंडर एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में पाया गया तथा आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रही।

जिला कलक्टर टीना डाबी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के साथ आमजन को सही एवं समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी पेट्रोल पम्पों पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने तथा आमजन की जानकारी के लिए सूचना पर्चे प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत, जिला रसद अधिकारी कंवरा राम , जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी प्रमोद वैष्णव, ऑयल कंपनियों के बि ी अधिकारी एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा ऑयल कंपनियों से प्रतिदिन स्टॉक की जानकारी ली जा रही है। साथ ही उपखण्ड अधिकारियों एवं प्रवर्तन स्टाफ की ओर से गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्पों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की औसत दैनिक आपूर्ति लगभग 4000 है तथा वर्तमान में गैस एजेंसियों के पास 10,754 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

जिला कलक्टर ने ऑयल कंपनियों को निर्देशित किया कि वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की मांग के अनुरूप व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर के निर्देश पर जिले के सभी उपखंड अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में रसोई गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। शिव उपखंड अधिकारी यक्ष चौधरी ने नीम्बला पेट्रोल पम्प, बा?मेर उपखंड अधिकारी यशार्थ शेखर ने पीजी कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पम्प एवं चौधरी पेट्रोल पम्प, ग?रारो? उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार ने गणेशम गैस एजेंसी, चौहटन उपखंड अधिकारी आर.एल. सोलंकी ने वीरात्रा फिलिंग स्टेशन, से?वा उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने सालासर बालाजी पेट्रोलियम पम्प (पीरू का तला) तथा रामसर उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा ने एचपी पेट्रोल पम्प देरासर का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त तहसीलदारों की ओर से भी अपने-अपने क्षेत्रों में राज्य सरकार के निर्देशानुसार पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गोदामों में संधारित स्टॉक विवरण एवं आपूर्ति व्यवस्था की जांच की गई।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं एवं वीडियो से भ्रमित नहीं हों। जिले में गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है।

## फोटो वायरल मामले में दो बंदी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जेल में गत दिनों हुई रोजा इफ्तार पार्टी और उसके फोटो वायरल होने का मामले में पुलिस ने दो बंदियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश कर फिर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। बंदियों ने पूछताछ में जेल में एक बंदी द्वारा मोबाइल उपलब्ध कराने की बात की है।

रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि जोधपुर जेल में हुई रोजा इफ्तार पार्टी के कुछ फोटोग्राफ्स सोशल मीडिया पर गत दिनों वायरल हुए थे, जिसमें एक प्रकरण दर्ज कराया गया था। घटना के संबंध में पुलिस ने दो बंदियों उदयपुर के अंबामाता सज्जन नगर निवासी करीम खां पुत्र सलीम खां एवं डूडी नगर ओसियां निवासी नरपत पुत्र चौथाराम डूडी को गिरफ्तार कर लाया गया है। इनसे रोजा इफ्तार पार्टी के लिए उपलब्ध कराए गए मोबाइल के संबंध में पूछताछ की गई। करीम खां वर्ष 2022 में हत्या के आरोप में जेल है और नरपत डूडी पॉक्सो व धमकाने के केस में बंद है, उसके खिलाफ 2020 में मामला दर्ज हुआ था। दोनों को कोर्ट पेश कर फिर से न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया।

# पशु चिकित्सकों के एन.पी.ए. पर हाईकोर्ट सख्त

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान में कार्यरत पशु चिकित्सकों को नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस (एनपीए) देने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विनीत कुमार माथुर व जस्टिस चन्द्रशेखर शर्मा की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया है कि सरकार 12 सप्ताह के भीतर इस संबंध में निर्णय ले।

वेटनरी एसोसिएशन, राजस्थान की ओर से दायर इस याचिका में प्रारंभ में वेतनमान और अन्य सुविधाओं में समानता की मांग की गई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से एनपीए देने के मुद्दे पर ही जोर दिया गया। याचिकाकर्ता पक्ष ने अदालत को बताया कि राज्य के पशु चिकित्सक पशुधन और वन्यजीवों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और उनकी कार्यप्रणाली अन्य राज्यों के चिकित्सकों के समान है। अधिवक्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि देश के कई राज्यों जैसे दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड सहित कई स्थानों पर पशु चिकित्सकों को एनपीए दिया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा 3 जून 2016 को जारी निर्देशों में भी राज्यों को इस दिशा में कदम उठाने के लिए कहा गया था। सातवें वेतन आयोग ने भी इस भत्ते की सिफारिश की है। राज्य सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि एनपीए देना पूरी तरह नीतिगत निर्णय है, जो राज्य की वित्तीय स्थिति और अन्य प्रशासनिक पहलुओं पर निर्भर करता है। यह भी कहा गया कि सभी राज्यों में यह सुविधा लागू नहीं है, इसलिए इसे अनिवार्य रूप से लागू करना जरूरी नहीं है। हालांकि सरकार ने यह स्वीकार किया कि वह इस विषय पर पुनः विचार करेगी। दोनों पक्षों की दलीलों के बाद अदालत ने माना कि अन्य राज्यों में लागू व्यवस्था और केंद्र सरकार के निर्देशों को देखते हुए इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह 12 सप्ताह के भीतर इस पर निर्णय ले और यदि एनपीए देने से इनकार किया जाता है तो कारण स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता अपनी अन्य मांगों को लेकर अलग से अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है।

# चिरंजीलाल दवे का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय विप्र फाउंडेशन ने चिरंजीलाल दवे को अखिल राजस्थान ब्राह्मण महासभा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर होटल विजय पैराडाइज जालोर में सम्मान समारोह आयोजित किया।

समारोह में सर्व ब्राह्मण महासभा के जालोर जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त हुए अनिल शर्मा का भी जालोर जिला ओलम्पिक संघ द्वारा अभिनंदन किया गया। जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला एवं कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हीरा लाल सारस्वत ने अपने अभिवादन में दोनों पदाधिकारियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों ने माला, साफा एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया, जिनमें बास्केटबॉल के मून सिंह राठौड,मुकेश राजपुरोहित; हॉकी के मदन सिंह राठौड,लाल सिंह राजपुरोहित; कबड्डी केजगदीश; वेटलिफ्टिंग के प्रकाश विश्नोई, भागीरथ गर्ग; फुटबॉल के हरि राम डारा; वॉलीबॉल के शंकरराव डारा; बैडमिंटन के जितेंद्र सिंह सांखला; जिमनास्टिक्स के उदय सिंह चौहान; स्विमिंग के प्रकाश भटनागर; हैंडबॉल के कान दास वैष्णव; कुश्ती के हरिराम सारण; तलवारबाजी के मनोहर राणा; जूडो के ओम प्रकाश परमार; साइकिलिंग के पूनमा राम सुथार; ताईक्वांडो के देबेन्द्र शर्मा; रोविंग के देवानंद जोधवानी; केनोइंग के ललित; खो-खो के शिव दयाल मीणा, सेलिंग के हितेश पोमल एथलीट कोच जोग सिंह राठौड आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के ऑब्जर्वर कन्हैया लाल मालव, जालोर जिला ओलम्पिक संघ के ऑब्जर्वर हरि राम डारा, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के जिला खेल अधिकारी अमित शर्मा, सिरोही जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चौहान तथा पाली जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव राजेश पटनेचा प्रभु दान राव की गरिमामय उपस्थिति रही।

चिरंजीलाल दवे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे खेलों में सदैव साथ रहकर सहयोग प्रदान करते रहेंगे। अनिल शमा ने अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के लिए विशेष आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुश्ती संघ के अध्यक्ष हीरा लाल सारस्वत ने सभी का आभार व्यक्त किया। विप्र फाउंडेशन की ओर से किया गया यह मनोनयन इस बात का प्रमाण है कि दवे के नेतृत्व में खेल संगठन शिक्षा, सुशासन, सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक उत्थान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।